## छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के शिक्षण विभाग के B.Tech. (working professionals)/ M.Tech. (working professionals) / M.Tech. / M.Plan / PG Diploma पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु

## / /अधिसूचना/ /

**सत्र 2026–27**

क्र / छगस्वावितविवि / अका. / 2026 / २९२५ भिलाई–नेवई, दिनांक २५/६/२६

## छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के शिक्षण विभाग के M.Tech/M. Plan पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु

M.Tech/M. Plan पाठ्यक्रमों मे प्रवेश के लिए स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।इसके अलावा GATE और Non-GATE दोनों अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं|

विश्वविद्यालयशिक्षण विभाग द्वारा संचालित निम्नांकित पाठ्क्रम में कुल सीटों की संख्या, प्रायोजित सीटों की संख्या एवं छ.ग. कोटा की संख्या निम्नानुसार है :–

**तालिका-१**

| क्र | पाठ्यक्रम का नाम | कुल प्रवेश क्षमता | C.G. कोटा की संख्या | प्रायोजित कोटा की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M. Tech. Energy & Environmental Engg. | 18 | 13 | 5 |
| 2 | M.Tech. Micro Electronics & VLSI | 18 | 13 | 5 |
| 3 | M.Tech. Bio Medical Engineering & Bio Informatics | 18 | 13 | 5 |
| 4 | M.Tech Civil Engineering (Environmental & Water Resources Engineering) | 18 | 13 | 5 |
| 5 | M.Tech Civil Engineering (Structural Engineering) | 18 | 13 | 5 |
| 6 | Master of Planning (Urban Planning) | 18 | 13 | 5 |
| 7 | M.Tech. Computer Science and Engg | 18 | 13 | 5 |
| 8 | M.Tech. Computer Science and Engg (for working professionals) | 6 | – | – |
| 9 | M.Tech Civil Engineering (Structural Engineering) (for working professionals) | 6 | – | – |

I. छत्तीसगढ़ राज्य कोटा (C.G. Quota) :– इस कोटा के अंतर्गत छ.ग. के मूल निवासी छात्रों को प्रवेश हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। छ.ग. राज्य के मूल निवासी उपलब्ध न होने पर इसे आवश्यकतानुसार अन्य राज्य के अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है। इसमें GATE अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है।

II. प्रायोजित कोटा ( Sponsored Quota) में केवल प्रायोजित अभ्यर्थी ही प्रवेश ले सकता है। निवास का बंधन नहीं है। इस कोटे में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा की **आवश्यकता नहीं** है। शेष सभी नियम लागू रहेंगे।

प्रायोजित अभ्यर्थी (Sponsored candidate) से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो इन नियमों के अन्तर्गत प्रवेश हेतु इच्छुक है एवं जो राज्य शासन/केन्द्र शासन/ किसी पंजीकृत कम्पनी/संस्था में पूर्णकालिक अथवा संविदा पर कम से कम 2 वर्ष से नियोजित है तथा जिसे नियोक्ता/प्राधिकारित अधिकारी द्वारा पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने तथा अध्ययन करने हेतु अनुमति दिया गया है।

**नोट :**

(1) प्रायोजित सीटें नहीं भरने पर इसे अप्रायोजित अभ्यार्थियों से GATE/NET के माध्यम से भरा जा सकेगा। उसी प्रकार यदि सामान्य अप्रायोजित अभ्यर्थियों से GATE/NET के माध्यम से सीटें नहीं भरती है, तो उसे प्रायोजित अभ्यर्थियों से भरा जा सकेगा।

### 1. सीटों का आरक्षण :–

तालिका 1 में वर्णित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।

### 2. प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें :–

M.Tech/ M.Plan. पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्रता के लिए स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम एवं GATE के विषय निम्नानुसार हैं :–

| क्र | पी.जी. पाठ्यक्रम का नाम | पात्रताहेतु संबंधित डिग्री पाठ्यक्रम के ब्रांच का नाम | GATE के विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | M. Tech. in Energy & Environmental Engg. | Bachelor's Degree in Engineering<br>M.Sc.( Physics, Chemistry, Bio Technology, Environment, Environmental Engg./ B.Tech. Agriculture) | Any Subject in Engineering / PH/ CY/ BT/XL/AG/ |
| 2 | M.Tech. in Micro Electronics & VLSI | BE/B.Tech. in Elex/ ECE/ETC / EEE/ EE/E&I /I &C/CSE /CS/IT / Nano Technology /Material Science Engg./IETE/ AMIE (ECE / CSE /IT/EE), M.Sc.(Physics/Electronics/CS/IT/Informatics/ Information Science) | EC/PH/IN/CS/EE |
| 3 | M.Tech. in Bio Medical Engineering & Bio Informatics | BE/B.Tech.- Bio Medical / Bio Technology / Bio Informatics/ET&T/CSE/IT/EE/EEE/E&I/Instrumentation Engg./Mechatronics , M.Sc.( Electronics/ CSE/IT/Bio Informatics/Bio Technology/Life Science/ Physics / Maths/ Chemistry) | BT/EC/CS/PH/MA /XL/ CY |
| 4 | M.Tech Civil Engineering with Specialization in Environmental & Water Resources | B.E./B.Tech. (Civil Engineering/ Environmental Engineering/Sciences, Earth Science, Environmental Earth Science/and Engineering, Geosciences Engineering, Atmospheric Sciences, Construction | CE/EE/WRE/AE |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Engineering | Technology/Engineering, Environmental Science and Technology, Agricultural/Irrigation Engineering, Soil & Water Conservation Engineering, Building and Construction Technology, Civil & Rural Engineering, Civil Engineering & Planning, Civil & Infrastructure Engineering, Civil Technology, Geomatics, Geo-Informatics, Environmental Planning, Civil and Water Management Engineering, Public Health & Environmental Engineeringor equivalent) M.Sc. (Engg.) | |
| **5** | M.Tech Civil Engineering (Structural Engineering) | B.E./B.Tech. in Civil Engineering or equivalent. | CE |
| **6** | Master of Planning (Urban Planning) | Bachelor of Architecture/Bachelor of Planning, B.E./B.Tech. in Civil Engineering Msc/MA ( Geography/Economics/ Sociology) | Architecture/CE |
| **7** | M.Tech. Computer Science and Engg | B.E./B.Tech. in Computer Science and Engineering or equivalent. | CS |
| **8** | M.Tech. Computer Science and Engg (for working professionals) | B.E./B.Tech. in Computer Science and Engineering or equivalent. | CS |
| **9** | M.Tech Civil Engineering (Structural Engineering) (for working professionals) | B.E./B.Tech. in Civil Engineering or equivalent. | CE |

**M.Tech/ M.Plan** पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता हेतु उम्मीद्वार को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से उपरोक्त संबंधित उपाधि में अनारक्षित वर्ग के लिए कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांको एंव छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा निशक्तता से बाधित (ST,SC,OBC & PWD) के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यदि प्रतिशत पूर्णांक में न हो तो 49.5% या इससे ऊपर को 50% तथा 44.5% या उससे उपर को 45% मान्य किया जावेगा।

**टीप :–**

1. बी.ई. के समकक्ष उपाधि जैसे MHRD से मान्यता प्राप्त संस्था से मान्यता प्राप्त AMIE आदि उपाधि को भी प्रवेश हेतु पात्र माना जाएगा।

2. AICTE की नीति के अनुसार दूरस्थ शिक्षा से इंजीनियरिंग (बी.टेक./B.Arch) उपाधिधारी अभ्यार्थी भी प्रवेश हेतु पात्र होंगे। परन्तु ऐसे अभ्यार्थियों को अपने स्टडी सेंटर का UGC/AICTE /केन्द्र / राज्य शासन से मान्यता प्राप्त होने का दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत मान्यता पत्र मान्य नहीं होगा।

3. **working professionals के संबंध में**:–संबंधित इंजीनियरिंग विषय में बी.टेक. उपाधि धारक अभ्यर्थी,जिनके पास छत्तीसगढ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (CSVTU) से 75 किमी की परिधि के भीतर स्थित किसी उद्योग में न्यूनतम एक वर्ष का कार्यानुभव हो,एम.टेक. कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।

**4 शिक्षण शुल्क :–**

M.Tech./M.Plan पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित शिक्षण शुल्क **30,000/–(रू तीस हजार मात्र)** प्रति सेमेस्टर है। प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क, नामांकन शुल्क एवं अन्य शुल्क, शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त देय होगा।

**5 आवेदन की तिथि एवं आवेदन शुल्क :–**

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा संचालित पी.जी. पाठ्यक्रमों के लिए **Online** आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेब साईट www.csvtu.ac.in में उपलब्ध है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि **15th July 2026** निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क की राशि रूपये 500/– आवेदन शुल्क **Online/ UPI** के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है।

**6 आयु सीमा :–**

अप्रायोजित एवं प्रायोजित अभ्यार्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा का बंधन नहीं है

**7. प्रवेश हेतु चयन पद्धति :–**

1. **अप्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए** M.Tech/ M.Plan पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यार्थी का चयन IIT's द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा GATE की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में शून्य से अधिक प्राप्तांक अनिवार्य है। इससे कम प्राप्तांक होने पर प्रवेश की पात्रता नहीं रहेगी। मेरिट प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर तैयार की जाएगी। अभ्यर्थी के पास संबंधित प्रवेश परीक्षा का वैध स्कोर कार्ड (Valid Score Card) होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा में समान मेरिट/प्राप्तांक प्राप्त होने पर पहले अर्हकारी परीक्षा में अधिक प्राप्तांक वाले को तथा यह भी समान होने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. प्रायोजित अभ्यार्थियों का प्रवेश पात्रता से संबंधित उपाधि परीक्षा के प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर किया जावेगा। अर्हकारी परीक्षा में समान प्राप्तांक होने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

# छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के शिक्षण विभाग के PG Diploma पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

PG Diploma पाठ्यक्रम मे प्रवेश के लिए स्नातक (Engineering/ Technology/ Science Stream) **उत्तीर्ण** होने चाहिए।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा संचालित पाठ्क्रम में कुल सीटों की संख्या, प्रायोजित सीटों की संख्या एवं छ.ग. कोटा की संख्या निम्नानुसार है :–

**तालिका - 1**

| क्र | पाठ्यक्रम का नाम | कुल प्रवेश क्षमता | C.G.कोटा की संख्या | प्रायोजित कोटा की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PG Diploma in Industrial Safety and Fire Safety Management | 30 | 22 | 8 |

- छत्तीसगढ़ राज्य कोटा (C.G. Quota) :– इस कोटा के अंतर्गत छ.ग. के मूल निवासी छात्रों को प्रवेश हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। छ.ग. राज्य के मूल निवासी उपलब्ध न होने पर इसे आवश्यकतानुसार अन्य राज्य के अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है।

- प्रायोजित कोटा(Sponsored Quota) में केवल प्रायोजित अभ्यर्थी ही प्रवेश ले सकता है। निवास का बंधन नही है।

प्रायोजित अभ्यर्थी (Sponsored candidate) से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो इन नियमों के अन्तर्गत प्रवेश हेतु इच्छुक है एवं जो राज्य शासन/केन्द्र शासन/ किसी पंजीकृत कम्पनी/संस्था में पूर्ण कालिक अथवा संविदा पर कम से कम **1 वर्ष** से नियोजित है तथा जिसे नियोक्ता/प्राधिकारित अधिकारी द्वारा पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने तथा अध्ययन करने हेतु अनुमति दिया गया है।

**नोट :**

(1) प्रायोजित सीटें नहीं भरने पर इसे अप्रायोजित अभ्यार्थियों के माध्यम से भरा जा सकेगा। उसी प्रकार यदि सामान्य अप्रायोजित अभ्यर्थियों के माध्यम से सीटें नहीं भरती है, तो उसे प्रायोजित अभ्यर्थियों से भरा जा सकेगा।

(2) प्रायोजित एवं अप्रायोजित कोटे में प्रवेश के पश्चात् भी यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो इसे अन्य राज्य के अभ्यार्थियों द्वारा भरा जा सकता है।

## 1. सीटों का आरक्षण :–

तालिका 1 में वर्णित PG Diploma पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।

## 2. प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें :–

| क्र | पाठ्यक्रम का नाम | पात्रता हेतु संबंधित डिग्री पाठ्यक्रम के ब्रांच का नाम |
|---|---|---|
| 1 | PG Diploma in Industrial Safety and Fire Safety Management | Bachelor's Degree in Engineering/ Technology/Science stream |

3. **PG Diploma** पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिएपात्रता हेतु उम्मीद्वार को मान्यता प्राप्त **विश्वविद्यालय** संस्था से उपरोक्त संबंधित उपाधि में अनारक्षित वर्ग के लिए कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांको एंव छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ST,SC,OBC ) के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यदि प्रतिशत पूर्णांक में न हो तो 49.5% या इससे ऊपर को 50% तथा 44.5% या उससे उपर को 45%मान्य किया जावेगा।

**टीप :–**

- बी.ई. के समकक्ष उपाधि जैसे MHRD से मान्यता प्राप्त संस्था से मान्यता प्राप्त AMIE आदि उपाधि को भी प्रवेश हेतु पात्र माना जाएगा।
- AICTE की नीति के अनुसार दूरस्थ शिक्षा से इंजीनियरिंग (Engineering/ Technology) उपाधि धारी अभ्यार्थी भी प्रवेश हेतु पात्र होंगे।परन्तु ऐसे अभ्यार्थियो को अपने स्टडी सेंटर का UGC/AICTE /केन्द्र/राज्य शासन से मान्यता प्राप्त होने का दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत मान्यता पत्र मान्य नहीं होगा।

## 4. शिक्षण शुल्क :–

उपरोक्त पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित शिक्षण शुल्क **30,000/–(रू तीस हजार मात्र)** प्रति सेमेस्टरहै। प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क, नामांकन शुल्क एवं अन्य शुल्क, शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त देय होगा।

## 5 आवेदन की तिथि एवं आवेदन शुल्क :–

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा संचालित पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए **Online** आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.csvtu.ac.in में उपलब्ध है।आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि **15th July 2026** निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क की राशि रूपये 500/–आवेदन शुल्क Online/ UPI के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है।

## 6 आयुसीमा :–

आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है ।

## 7. प्रवेश हेतु चयन पद्धति :–

- **पीजी डिप्लोमा में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश** Engineering/ Technology/ Science Stream **में स्नातक के प्राप्तांको के आधार पर होगा।**
- **अर्हकारी परीक्षा में समान प्राप्तांक होने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।**

# छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के शिक्षण विभाग के B.Tech. (working professionals) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

B.Tech working professionals पाठ्यक्रमों मे प्रवेश के लिए स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा संचालित निम्नांकित पाठ्क्रम में कुल सीटों की संख्या, प्रायोजित सीटों की संख्या एवं छ.ग. कोटा की संख्या निम्नानुसार है :–

**तालिका-१**

| क्र | पाठ्यक्रम का नाम | कुल प्रवेश क्षमता | C.G. कोटा की संख्या | प्रायोजित कोटा की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.Tech. Computer Science and Engg (for working professionals) | 20 | – | – |
| 2 | B.Tech. Computer Science and Engg (Artificial Intelligence) (for working professionals) | 30 | – | – |

1 अभ्यर्थी एक कार्यरत पेशेवर (Working Professional) होना चाहिए, जो किसी पंजीकृत उद्योग/संगठन (जैसे केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, निजी/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी, एमएसएमई आदि) में कार्यरत हो।

2 अभ्यर्थी का निवास स्थान अथवा कार्यस्थल नामांकित/प्रवेशित संस्थान से 75 किमी की परिधीय (रेडियल) दूरी के भीतर होना चाहिए।

3 अभ्यर्थी के पास कम से कम एक वर्ष का पूर्णकालिक (Full- time) नियमित कार्य अनुभव होना चाहिए।

4 शैक्षणिक योग्यता वही होनी चाहिए जो एआईसीटीई (AICTE) के मानदंडों के अनुसार बी.ई./बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री (Lateral Entry) प्रवेश हेतु निर्धारित है।

5 प्रवेश एवं आरक्षण नीति नियमित पाठ्यक्रमों के समान ही लागू होगी।

**नोट :**

(1) डिग्री कार्यक्रम हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अपने कार्यस्थल/नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र (No Objection Certificate) व घोषणा–पत्र (Declaration) प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि वह पूर्णकालिक (Full-time) कर्मचारी है तथा डिग्री प्राप्त करने के उद्देश्य से अवकाश लेकर अध्ययन नहीं कर रहा/रही है। (प्रारूप संलग्न है।)

**सीटों का आरक्षण :–**

तालिका 1 में वर्णित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।

**प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तें :–**

B.Tech. (for working professionals). पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्रता के लिए स्नातक/ डिप्लोमा स्तरीय पाठ्यक्रम विषय निम्नानुसार हैं :–

| क्र | पाठ्यक्रम का नाम | पात्रता हेतु संबंधित डिग्री / डिप्लोमा पाठ्यक्रम | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Tech. Computer Science and Engg (for working professionals) | Diploma in Engineering/ B.Sc. | As per AICTE |
| 2 | B.Tech. Computer Science and Engg (Artificial Intelligence) (for working professionals) | | |

**आवेदन की तिथि एवं आवेदन शुल्क :–**

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा संचालित **B.Tech.** पाठ्यक्रमों के लिए **Online** आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेब साईट www.csvtu.ac.in में उपलब्ध है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि **15th July 2026** निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क की राशि रूपये 500/– आवेदन शुल्क **Online/ UPI** के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है।

**आयु सीमा :–**

अभ्यार्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा का बंधन नहीं है

**प्रवेश हेतु चयन पद्धति :–**

अभ्यार्थियों का प्रवेश पात्रता से संबंधित उपाधि परीक्षा के प्राप्तांक के मेरिट के आधार पर किया जावेगा। अर्हकारी परीक्षा में समान प्राप्तांक होने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

**कुलसचिव**
**छगस्वावितविवि, भिलाई**

REGISTRAR (I/c)
CSVTU, BHILAI (C.G.)